'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2013-15
WPP Licence No.- U(C)-101/2013-15
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 31.01.2015
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, क्नॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: dr.uditraj@gmail.com

● वर्ष : 18 ● अंक 5 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● 16 से 31 जनवरी, 2015

उत्तर पश्चिम दिल्ली लोक सभा क्षेत्र में मनाया गया डॉ उदित राज का जन्म दिन

उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र एवं अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की दिल्ली इकाई द्वारा माननीय डॉ0 उदित राज का जन्म दिन 26 जनवरी, 2015 को अपरान्ह 1 बजे से 'रिट्रीट, आमंत्रण लॉन, पल्ला मोड़, अलीपुर, दिल्ली में मनाया गया। इसके लिए लगभग 10 दिन पहले से ही डॉ0 उदित राज के सचिव, श्री परमेन्द्र, सीमा कौशिक, प्रीती बहन, डॉ0 प्रीती अग्रवाल, रश्मि घिरिया, अनीता राना, मालती रावत, ज्योति अरोड़ा, मनीषा जैन, रचना, नरेन्द्र कुमार सैनी, कुलदीप यादव, विजय चावरिया, रूपेश, कुमार, विजेन्द्र राणा, अशोक सोलंकी, राज जैन, अन्जुम खां, भगत जी, बबल सोनकर, आशुतोष, राजू, नीरज, राजेन्द्र आदि ने तैयारियां शुरू कर दी थी।

डॉ0 उदित राज का जन्मदिवस दशकों से अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ व अन्य सामाजिक न्याय के लिए कार्य कर रहे संगठनों व व्यक्तियों द्वारा 'जस्टिस डे' के रूप में मनाया जाता रहा है। इस वर्ष परिसंघ की दिल्ली इकाई व उत्तर पश्चिम दिल्ली लोक सभा क्षेत्र के लोगों ने उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अपने सांसद डॉ0 उदित राज जी का जन्मदिवस 'जस्टिस डे' के रूप में मनाया। लगभग दो घंटे तक लगातार शुभचिंतकों द्वारा गुलदस्ते भेंट करते हुए जन्म दिन की हार्दिक बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। जिसमें उत्तर पश्चिम दिल्ली लोक सभा क्षेत्र के सभी प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता और दिल्ली प्रदेश परिसंघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। डॉ0 उदित राज अपने वक्तब्य में सभी आगन्तुकों का अभार व्यक्त करते हुए अपने जीवन का साक्ष्य का बयान करते हुए कहा कि सभी लोग अपने लिए जीते हैं और जो जीना भी चहिए परन्तु अपने जीवन का कुछ अंश यदि औरों के लिए लगाया जाए तो उसका फल अलग ही होता है, जो कि मैंने अपने जीवन में चरितार्थ करते हुए अनुभव किया है और उसका अलग ही आनन्द होता है और देश सेवा में समर्पण का भाव महसूस कराता है। जिसे सुनकर उपस्थित सभी महानुभाव उनके जीवन का सार्थ्य और आत्मिक सुख से अवगत हुए और उनमें प्रेरणा जगी कि उन्हें भी अपने जीवन में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जन्मदिवस के अवसर पर डॉ0 उदित राज के बाएं पत्नी सीमाराज, बेटी सावेरी, बेटा अभिराज व अन्य एवं दाएं परमेन्द्र एवं अन्य सहयोगी

बजट में दलित

डॉ. उदित राज

सरकारी नौकरियों एवं राजनीति में आरक्षण आर्थिक उत्थान के लिए मूल रूप से नहीं दिया गया था बल्कि भिन्नता वाले समाज में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और मूल कारण यह भी है कि विभिन्न वर्गों एवं समुदायों का शासन-प्रशासन में प्रतिनिधित्व हो। आज़ाद भारत के पहले यह व्यवस्था नहीं थी और किन हालातों से देश गुजरा हम सभी जानते हैं। दलित-आदिवासी की आबादी 25 प्रतिशत है और स्पष्ट नीति है कि योजनागत बजट में से इसी अनुपात में धनराशि का आबंटन होना चाहिए। भारत सरकार एवं राज्य सरकारों का दायित्व है कि इन वर्गों की रक्षा करें, ताकि इनका भी विकास औरों की तरह हो। इसके बावजूद भी इनका जब विकास नहीं हो रहा था तो सरकार ने सोचा कि कोई और विकल्प तैयार किया जाए। इन परिस्थितियों में योजना आयोग ने केन्द्र एवं राज्य स्तर पर योजनाएं बनायी। 1974-75 में ट्राइबल सब-प्लान (टी.एस.पी.) और सिड्यूल्ड कास्ट सब-प्लान (एस.सी. सी.पी.)1979-1980 में बनाया गया। इसके पीछे सोच यह थी कि इनके विकास के लिए धनराशि को अलग रख दिया जाए। इसके बावजूद भी दलित-आदिवासी का बजट में जो हिस्सा मिलना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है और जो उपलब्ध है भी उसका भी इस्तेमाल ठीक से नहीं किया जाता। कभी संसाधन को दूसरी योजनाओं में लगा दिया जाता है तो कभी खर्च ही नहीं किया जाता और इसे वापिस भी कर दिया जाता है।

यदि हम विश्लेषण करें कि किस तरह से संसाधन का बंटवारा हुआ है तो स्पष्ट हो जाएगा कि भेदभाव हो रहा है। पिछली तीन पंचवर्षीय योजनाओं, जैसे- 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के अंतिम तीन वर्ष को देखें तो भारी मात्रा में संसाधन में कटौती हुई है। सन् 2002 और 2003 में योजनागत् बजट 71,569.41 करोड़ था और उसमें से मात्र 305.73 एस.सी.एस.पी. एवं टी.एस.पी. के अधीन दिया गया था, जबकि यह राशि 17,462.94 होनी चाहिए थी। 2002 और 2003 में 249.75 था जबकि 19187.68 होना चाहिए था और इसी तरह से लगातार 2007 तक हिस्से में कटौती होती रही। 11वीं पंचवर्षीय योजना - 2007 एवं 2008 में एस.सी.एस.पी का 13307.80 की कटौती थी और 2008 और 2009 में 15004.50 की राशि की कमी थी। 2013-2014 में कटौती की गयी राशि 26327.89 करोड़ थी।

दलित और आदिवासी न केवल एक कारण की वजह से भेदभाव के शिकार हैं बल्कि कई वजहें हैं। भेदभाव यहीं नहीं समाप्त होता बल्कि आगे और बढ़ जाता है जब इस राशि का उपयोग नहीं होता। 2012 और 2013 में एस.सी.सी. पी. के तहत 37113.03 की राशि आबंटित थी और उसमें से 3952.09 का उपयोग हुआ ही नहीं। भेदभाव एक और स्तर पर होता है और वह है, जब राशि का उपयोग होता है। इस राशि का आबंटन अनुमानित अर्थात् काल्पनिक होता है। तर्क यह दिया जाता है कि मंत्रालय की तमाम स्कीमों का विभाजन नहीं हो पाता अर्थात दलितों व आदिवासियों के विकास की योजना का विभाजन अन्य से नहीं किया जा सकता। तकनीकी स्तर पर इसकी गणना 16.2 प्रतिशत 789 छोटे मदों में दिखा दिया जाता है। यह तकनीकी डाटा आबंटन का मापदंड मान लिया जाता है जबकि जिन तक पहुंचना होता है, वे वंचित रह जाते हैं। सर्व शिक्षा अभियान एवं हेल्थ मिशन में जो

(शेष पृष्ठ 2 पर)

एक ऐतिहासिक विकास क्रम : चांडाल से वाल्मीकि तक का सफर

अर्जुन श्री मंडावली

गांवों और नगरों की साफ सफाई से लेकर घरों की साफ सफाई करने वाले श्रमजीवी समाज को हिन्दू ब्राह्मणिक सामाजिक व्यवस्था में भंगी जाति के नाम से जाना जाता है। भंगी शब्द इतना ज्यादा अपमान जनक शब्द है कि, आज भी बतौर गाली के इस्तेमाल किया जाता है। जब भंगी शब्द इतना अधिक अपमानजनक है, तब भंगी जाति के प्रति कितना अधिक अनादर है, इससे समझा जा सकता है कि भंगी जाति अन्य भी कई नामों से जानी जाती है। यथा–धानुक, डोम, डोमर, हेला, खपच, हांड़ी, मखियार, भूई माली, बंसफोड़, मुसहर आदि। इन सभी का वंशानुगत पेशा साफ–सफाई करना ही हैं। हम इन्हें सफाई–कर्मी समाज भी कह सकते है। आजादी के 67 वर्षो के बाद भी इनकी स्थिति यथास्थिति वाली ही बनी हुई है। अर्थात आजादी के पहले जो इनकी स्थिति थी वह आज भी है। बहुत सी जगहों पर इनकों आज भी होटलों में चाय गिलासों में नहीं देते बल्कि इनके लिए अलग से बर्तन रखतें है। दूर से सामान देते है, कहीं इनसे छू न जाए के भय से अर्थात अपवित्र हो जाने के भय से। कहना ना होगा कि इनके प्रति छुआछूत की भावना अभी भी बरकरार है। सच में सफाई कर्मचारी समाज उत्पीड़न, घृणा शोषण और सरकारी उपेक्षा का आज भी शिकार है। सफाई कर्मचारी समाज जो जीवन जी रहा है। वह अतीत की परिस्थितियों से भी मुक्त नहीं हो सका है, अतः हम उस अतीत को जाने बगैर बदलाव की मंशा नहीं रख सकते हैं। ऐतिहासिक विकास क्रम पर एक नजर डालते हैं। सिन्धु घाटी की सभ्यता की खोज से यह प्रति स्थापित हुआ है कि आर्य बाहर से आए आक्रमणकारी लोग थे। इन आर्यो के प्रमाणिक साहित्य में वेदों का परम महत्व है।

1– युद्ध में पराजित एवं अधिकृत अनार्य दास अथवा शूद्र कहलाए। आर्यो ने इन्हें अपने कार्य में यथा सेवा और आर्थिक कार्यो में नियोजित किया। 2– अपनी व्यवस्था को दैवी स्वरूप देने हेतु आर्यो ने ऋगवेद के पुरुष सुक्त में चार वर्णो की उत्पत्ति ब्रम्हा जी से हुई है, ऐसा लिखा है। जिसमें शूद्रों की उत्पत्ति ब्रम्हा जी के पैरो से हुई है ऐसा उल्लेखित है। इसे ही वर्ण व्यवस्था का नाम दिया गया।

3 – कालान्तर में यह चतुर्वर्णी व्यवस्था जाति व्यवस्था में रूपान्तरित हुई, अतएव शूद्र वर्ण भी बहुत सी जातियों – उपजातियों मे विभक्त हो गया।

4 – आर्यो की वर्ण और जाति व्यवस्था श्रम विभाजन पर आधारित रही है, हां इतना जरूर है, शूद्रों को सभी उपेक्षित और घृणास्पद कार्य ही सौंपे गए। इसके मूल में विजित और विजेता की भावना काम करती नजर आती है।

5– शूद्रों की जातियों मे एक जाति रही है। साफ–सफाई करने वाली सेवादार जाति हम उसी की चर्चा को आगे बढ़ा रहे है। साफ–सफाई का काम करनेवाली जाति का हमें परिभाषा में लिखित बौद्ध साहित्य में चांडालों के रूप में उल्लेख मिलता है। पालि साहित्य में चांडालों का झाड़ना–बुहारना वंशानुगत पेशा बताया गया है। सन् 1020 ई. के लगभग लिखते हुए अल बरुनी ने डोम तथा चांडाल को ऐसे दो समूहों के रूप में साथ – साथ बतलाया जाता है कि वे गांवों की सफाई तथा ऐसे ही गंदे कार्य में लगे रहते हैं।

6– ऐसा लगता है कि अतीत में साफ सफाई का काम चण्डाल, खपच, डोम मुश्टक, पौलाक्कस आदि किया करते थे। मोटे तौर से हिन्दू ब्राह्मणिक सामाजिक व्यवस्था में सफाई कर्मचारी खपच, चांडाल, डोम और रामायण काल में मुश्टक नामों से पहचाना जाता रहा, सभी आर्थिक सामाजिक धार्मिक राजनितिक उपेक्षाओं, वर्जनाओं, उत्पीड़नों और शोषणों के साथ।

7– मुस्लिम शासन काल में इनको नाम मिला मेहतर, खाक, रौब, शेख भंगी, लाल बेगी, मूसली मलकाना और मुगल काल में अकबर बादशाह ने इनको नाम दिया हलाल खोर का। इस दौर में सफाई कर्मचारी सामाज ने मुस्लिम समाज के इस्लामिक रीति रिवाजों को आत्म–सात कर लिया यथा कलमा–पढ़ना नवाज पढ़ना, रोजा रखना, ताजिया रखना, फातिया करना, चालिसी करना आदि।

8– अभी कुछ अंशो में इस्लामिक रीतों – रिवाज सफाई कर्मचारी समाज में बरकरार है। कुछ सफाई कर्मचारी समाज के लोग आज भी पूर्ण रूपेण मुस्लिम ही हैं। उदाहरण स्वरूप मध्यप्रदेश में हेला जो की सफाई कर्मचारी का ही कार्य करते हैं। परन्तु अपने आपको इब्राहिम रोहिला का वंशज घोषित करते हैं।

9– सन् 1880 – 90 के दशक में सफाई कर्मचारी समाज के लोग बड़े पैमाने पर ईसाई धर्म में दीक्षित होने लगे जिससे हिन्दू समाज के चिंतकों के तोते उड़ गए। जिसमे आर्य समाज के एक आर्यसमाजी चिंतक अमीचंद शर्मा जी थे।

10– पंजाब की चूहड़ा (भंगी) जाति के लोग बालाशाह और लालबेग को अपना धर्म गुरु मानते थे। लालबेग और बालाशाह कौन थे? यह कोई नहीं जानता परन्तु लोक कथाओं में लालबेग कहीं लालबेग बन जाते है तो कही बाल्मीकि के बेटे। कुर्सी नामें बाइस में अल्लाह–अल–रहीम से शुरू होते थे और रब्बुल आलमीन बोलो मोमिनो वही एक पर खत्म होते थे। कुर्सी नामा वह प्रार्थना थी जिसे आज के सफाई कर्मचारी समाज के लोग ढाई ईंट के थान के इबादत घर के सामने, अपनी धोती की कांच खोलकर खड़े होकर पढ़ते थे। वह प्रार्थना कुछ इस तरह से थी– हम भंगी सबके संगी, भले बुरे के साथ न जाये। दर – दर मांगे कर–कर खाएं। आकाश झाड़े पाताल झाड़े, सोने की झाड़ू – चांदी का पंजा।

11– लाहौर के खाकशाह महाराज के सुजान सिंह नामक अंग्रेजी सेना के एक सैनिक शिष्य बन गए। जो कि सफाई कर्मचारी समाज से थे। खाकशाह महाराज जी ने ही उन्हें सूजान सिंह को महर्षि बाल्मीकि की रामायण में वर्णित शिक्षाओं से अवगत कराया और सफाई कर्मचारी समाज में महर्षि बाल्मीकि की शिक्षाओं को प्रचारित करने हेतु प्रोत्साहित किया, जिसे सूजान सिंह ने बख्खूबी निभाया।

12– कहते है की बाबा खाकशाह महाराज जी के विचारों से प्रभावित होकर आर्यसमाजी अमीचंद शर्मा सफाई कर्मचारी समाज के बीच काम करने का निश्चय कर सफाई कर्मचारी समाज को महर्षि बाल्मीकि की शिक्षाओं और पंथ से जोड़ने का प्रयास शुरू किया।

13– इस तरह अमीचंद शर्मा सफाई कर्मचारी समाज के बीच आये और सफाई कर्मचारी समाज की तनख्वाह के मुद्दे को लेकर अनशन किया और जेल भी गए थे। तब से सफाई कर्मचारी समाज में उनकी शाख और पहचान बन गई। अमीचंद शर्मा ने बाल्मीकि प्रकाश पुस्तक लिखकर सफाई कर्मचारी समाज के लोगो को बताया कि जिस लालबेग या बाबरीक की पूजा वे करते है। वह असल में रामायण रचियता बाल्मीकि ही थे।

14– अमीचंद शर्मा का प्रचार रंग लाया। पंजाब में चूहड़ा और उत्तर प्रदेश में लाल बेगी सफाई कर्मचारी बड़ी तादात में महर्षि बाल्मीकि को स्वीकार करने लगे। और इस तरह बतौर बाल्मीकि जाति के रूप में परिणित हो गए। कहना न होगा कि बड़े ही सातिराना तरीके से यहां के मूल निवासियों को हिन्दु धर्म और जातीय व्यवस्था में समाहित कर लिया गया।

15 – सन् 1931 में सफाई कर्मचारी समाज को बाल्मीकि जाति एवं हिन्दू धर्म के रूप में सरकारी दस्तावेजों में स्वीकृति मिल गई।

16– सन् 1942 में इलाहबाद में पहली बार सफाई कर्मचारी समाज ने स्व0 बाल्मिकानन्द जी के नेतृत्व में बाल्मीकि जयंती मनाई। इस तरह से चांडाल से बाल्मीकि जाति का सफर पूरा किया सफाई कर्मचारी समाज ने।

+++

बजट में.....

(पृष्ठ 1 का शेष)

राशि शामिल होती है, वह एक तरह से अनुमानित ही होती है और इसमें एस.सी.एस.पी. एवं टी.एस.पी. की अच्छी–खासी राशि होती है और यह भी खानापूर्ति का हिस्सा बन जाती है जबकि ये योजनाएं सभी के लिए हैं। ज्यादातर योजनाएं पुराने जमाने की हैं और जो विकास में असली सहयोगी हैं, जैसे – स्किल डेवलपमेंट, जमीन की खरीद एवं व्यवसायी बनाने पर खर्च किया जाना चाहिए। जब तक यह पैसा व्यक्ति, परिवार एवं बस्ती को सीधे नहीं पहुंचती है तब तक कैसे विकास हो सकता है? 43 मंत्रालय एवं विभाग ऐसे हैं, जिन पर इन योजनाओं को लागू करने की जिम्मेदारी ही तय नहीं है। वित्तीय वर्ष 2012–2013 में 6918.09 लक्ष्य केन्द्रित थी जबकि 2292.23 अनुमानित और 12333.99 लक्ष्य रहित थी। औसतन 70 से 75 प्रतिशत राशि लक्ष्य रहित होती है। यदि हम विश्लेषण करें तो पाएंगें कि ज्यादातर खर्च दलित–आदिवासी के जिन्दा रहने पर ही खर्च कर दी जाती है, जो कि 68 प्रतिशत है। विकास पर मात्र 20 प्रतिशत ही खर्च होती है। 2013–2014 में योजनागत बजट की राशि 555322 थी और इन योजनाओं के तहत 41561 करोड़ का ही आबंटन किया गया यह हमेशा आबादी के अनुपात में कम ही पैसा वितरित होता है।

कुछ राज्य भेदभाव करने में माहिर हैं और वे सामान्य योजनाओं में खर्च कर देतेहैं। जैसे उड़ीसा में राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण पर 40. 51 करोड़ खर्च किया गया। इनके पैसे से जेल बनवायी गयी। सन् 2010 एवं 2011 में दिल्ली में 744 करोड़ रूपये को कॉमन वेल्थ गेम्स में लगा दिया गया। उ0प्र0 अनुमानित आधार पर राशि को खर्च करने में आगे है।

लखनऊ में आईटीआई अलीगंज में कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण केन्द्र बनवाने में 14.41 करोड़ की धनराशि खर्च की गयी। 789 छोटे मदों के सामने एस.सी. सी.पी. एवं टी.एस.पी. की राशि को दर्शाना चाहिए। म0प्र0, महाराष्ट्र एवं राजस्थान में 20 ऐसे विभाग हैं जिन्होंने इनके नाम पर खाता ही नहीं खोला है। कुछ राज्य तो ऐसे हैं, अनुमानित उपयोग के आधार पर खर्च का प्रतिशत निकाल देते है।

दलितों एवं आदिवासियों के लिए इन योजनाओं का नवीनीकरण नहीं के बराबर किया गया है, जिससे पैसा खर्च होने के बाद में भी उत्थान नहीं हो पाता। जिन संस्थाओं के द्वारा इन योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाता है।

वे असफलता के लिए तमाम कारणों को उद्धत करते हैं और कई स्थानों पर नोडल आफीसर तक भी नहीं नामित किए जाते।

मंत्रालयों में कोई ऐसा प्रकोष्ठ नहीं बना हुआ है, जो यह निगरानी करे कि पैसे का दुरूपयोग नहीं हो रहा है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय में सर्व शिक्षा अभियान की निगरानी के लिए 40 लोगों की टीम बनी है, तो इसके लिए कोई ऐसी टीम क्यों नहीं बनायी जा सकती? वित्त मंत्री बजट पेश करने जा रहे हैं और उम्मीद की जाती है कि इन पहलुओं पर ध्यान देगें। सरकार को कुछ ऐसे नियम बनाने चाहिए कि जो इन योजनाओं की अवहेलना करे उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही हो। जिस तरह से आंध्र प्रदेश की सरकार ने इन योजनाओं को लागू करने के लिए कानून बनाया, उसी तरह से अन्य राज्यों और केन्द्र सरकार को करना चाहिए।

+++

डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के निष्ठावान साथी महाप्राण जोगेंद्रनाथ मंडल

न्या. सुरेश घोरपड़े

भारत में हजारों साल पहले से भारत मे सिंधु संस्कृति चलती आई है। उसमें समानता, स्वतंत्रता, भाईचारा था। उसमें मातृसत्मक, कुटूंब पद्धति थी। वो नागवंशी मूलनिवासी बहुजनों को थी। लेकिन चार हजार साल पहले भारत पर आर्य पंडितों का हमला हुआ। और उन्होंने बरराजा बलिराजा को हराकर बहुजनों को धार्मिक, सांस्कृतिक आर्थिक, शैक्षणिक, मानसिक गुलाम बना दिया। इसके खिलाफ भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, सम्राट अशोक, गुरु बसवेश्वर, गुरु कबीर, गुरु रविदास, गुरु नामदेव, गुरु नानक, गुरु तुकाराम, गुरु गाडगेबाबा, सेना महाराज, सेवालाल महाराज तथा शिवाजी महाराज, जीजामाता, अहिल्यामाता होलकर, ज्योतिबा फुले, छ.शाहू महाराज और डॉ. बाबा साहब आंबेडकर, अण्णाभाउ साठे, शहीद मातादीन वाल्मीकि, इन्होंने वर्णभेद जातिभेद के खिलाफ संघर्ष शुरू किया। और अपनी इस शताब्दी में डॉ.बाबा साहब आंबेडकर ने सबसे बड़ा संघर्ष समता लाने के लिए किया। उनके इस कार्य के लिए उत्तर भारत, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, कश्मीर, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, उड़ीसा, आसाम, कर्नाटका, मध्यप्रदेश, ऐसे सभी प्रांतों से बाबा साहब को सहकार्य मिला।

इसी तरह भारत के अविभाजित बंगाल प्रांत से जोगेंद्रनाथ मंडल साहब ये बंगाल के थे। इन्होने बाबासाहब के आंदोलन में अमूल्य योगदान दिया। जोगेंद्रनाथ मंडल साहब का जन्म 29 जनवरी 1904 में बोरीसाल जिले के मोयस्तास्कोडी गांव मे हुआ। उनके पिताजी का नाम रामदयाल मंडल था तथा माता का नाम संध्यादेवी था। उनके तीन भाई और दो बहनें थी। वे मूलनिवासी अनुसूचित जाति के नमोशूद्र जाति के थे। उनके चाचा रामकृष्ण जी ने उन्हें गोद लिया था। वे बचपन मे बहुत होशियार थे। उनकी स्मरणशक्ति अच्छी थी। उनको वर्णभेद तथा जातीयता की बहुत तकलीफ हुई। 1924 में मैट्रीक पास हुए । वे गणित तथा संस्कृत मे होशियार थे। उनके वंशज पहले का बंगाल और आज का बांग्लादेश यहां के थे। उस जमाने में नमो शूद्र जाति बहुसंख्यक थी। आज से एक हजार साल पहले पूरा बंगाल बौद्ध धर्मीय था। बौद्ध होने का मतलब कोई जाति नही है यह एक मानवतावादी विचारधारा है। उस समय काली मंदिर मे अनुसूचित जाति के लोगों को जाने नही देते थे। मंडल साहब ने बताया कि पत्थर की पूजा करने के बजाय शिक्षा लो। 1926 मे वे इण्टर परीक्षा पास हुए। उनका विवाह कमला देवी से हुआ।

1929 में बोरीसाल जिले के ब्रिजमोहन महाविद्यालय से वे बी.ए. पास हुए। उस समय महाराष्ट्र मे डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर ने महाड के चवदार तालाब के पानी के लिए सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया था। 1930 में वे ढाका विश्वविद्यालय मे पढ़ने के लिए गए लेकिन वे वापस कलकत्ता आए और 1934 मे उन्होनें एल.एल.बी.परीक्षा पास की। उस समय उन्होने शिक्षा खर्चा ट्यूशन लेकर तथा प्रेस में काम करके प्राप्त किया। उन्होने समाज के हित के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट मे वकालत शुरु की लेकिन बाद मे वे अपने गृह जिला बोरीसाल के जिला न्यायालय मे वकालत शुरु की। वे गरीबों के वकील थे। वे बहुत बुद्धिमान वकील थे। 1928 में सायमन कमीशन भारत मे आया था। उसके सामने डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर ने अनुसूचित जाति, जनजाति की कैफियत रख दी। 1930-31 मे अंग्रजों ने बुलाये हुए गोलमेज परिषद् के लिए डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर लंदन गये थे। वहां पर बाबा साहब का प्रभावशाली भाषण हुआ। इसलिए वे जगप्रसिद्ध हुए और यह बातें समाचार पत्रों के माध्यम से पूरे भारत में प्रसारित होती थी। उस वक्त 1930 में नासिक के कालाराम मंदिर का आंदोलन बाबासाहब ने शुरु किया था और उसकी जानकारी पूरे भारत में समाचार पत्रों के माध्यम से जनता को मिलती थी। 1932 मे ब्रिटिश सरकार ने बाबा साहब को कम्युनल अवार्ड द्वारा अनुसूचित जाति जमाती के लिए स्वतंत्र निर्वाचन क्षेत्र मंजूर किए हुए थे। और 1928 मे बाबा साहब की वजह से नौकरी तथा शिक्षा मे 8 आरक्षण अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए अंग्रेजों ने मंजूर किया था। गांधी जी ने स्वतंत्र निर्वाचन क्षेत्र का विरोध किया। और इसीलिए 1932 को बाबा साहब को मजबूरन पुणे करार करना पड़ा।

1936 मे जोगेंद्रनाथ मंडल जिला कौंसिल में सर्वाधिक मतों से चुनकर आए थे। वे बहुत लोकप्रिय थे। 1937 में विधानसभा का भारत में पहली चुनाव हुआ था। उस समय बंगाल विधानसभा के चुनाव मे जोगेंद्रनाथ मंडल जी ने काँग्रेस उम्मीदवार सरलकुमार दत्त को हरवाकर निर्दलीय उम्मीद्वार के रूप मे चुनकर आए । विधायक होने के बाद उन्होने बंगाल मे अनुसूचित जाति के लोगों को पुलिस भर्ती में प्रवेश देने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव रखा। उस समय नेताजी सुभाषचंद्र बोस उनके दोस्त थे। उस समय उन्होने इंडिपेंडेंट्स शेड्यूल कास्ट पार्टी बनायी थी। उस समय हिंदू महासभा के नेता डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विधायक थे। उस समय बंगाल के मुख्यमंत्री मुस्लिम लीग के नजीमोद्दीन थे। उन्होने जोगेंद्रनाथ मंडल जी को उनके मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया। जोगेंद्रनाथ मंडल साहब कबीरपंथी थे। जोगेंद्रनाथ मंडलजी की वजह से प्रशासन में 20 आरक्षण बंगाल मे मिला इसके वजह से बहुत सारे अधिकारी तथा न्यायाधीश बने। उन्होंने विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देने का प्रस्ताव रखा। 1937 मे डॉ. बाबा साहब आंबेडकर ने स्वतंत्र मजदूर पार्टी का गठन किया। 1942 मे अंग्रेजों ने भारत को स्वतंत्रता देने का विचार शुरू किया। तब बाबासाहब ने अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को नये संविधान में अधिकार देने की बात कही। और इसी लिए 1942 मे डा.बाबा साहब आंबेडकर ने दिल्ली में विराट सभा बुलायी। उसमे बंगाल से जोगेंद्रनाथ मंडल, एम.बी.मलिक और विश्वास थे। उत्तर प्रदेश से तिलकचंद कुरील, मद्रास से एम.सी.राजा, महाराष्ट्र से पी.एन. राजभोज तथा दादासाहब गायकवाड़ आये थे। उस समय जोगेंद्रनाथ मंडल जी ने डॉ.बाबा साहब आंबेडकर की मुलाकात दिल्ली मे की। बाद मे नागपुर मे 1942 मे डा.बाबासाहब आंबेडकर ने शेड्यूल कास्ट फेडरेशन की स्थापना की। उसके बाद 1943 मे मंडल साहब ने उनकी इंडिपेंडेन्ट्स शेड्यूल कास्ट पार्टी का विलय बाबा साहब के शेड्यूल कास्ट फेडरेशन में कर दिया था। उस समय शेड्यूल कास्ट फेडरेशन की अध्यक्षता मद्रास के प्रो. एन. शिवराज जी ने की। क्योंकि डा. बाबा साहब आंबेडकर को अंग्रेजों ने भारत के मजदूर मंत्री नियुक्त किया था।

उस समय मंडल जी बंगाल के शेड्यूल कास्ट फेडरेशन के अध्यक्ष थे। जोगेंद्रनाथ मंडल साहब अलग है और 1978 के मंडल आयोग के अध्यक्ष थे बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल बिहार के थे। जोगेंद्रनाथ मंडल जी ने जागरण नामक समाचार पत्र निकाला था। उनके पहले बंगाल के सामाजिक नेता गुरुचंद ठाकुर थे। उन्होने बहुत सामाजिक कार्य किया था। 1943 में मुंबई में सहकारी मंत्रियों की परिषद् हुई थी। उसमे जोगेंद्रनाथ मंडलजी सहकारिता मंत्री थे। उसी समय उस परिषद् मे भारत के मजदूर मंत्री डॉ.बाबा साहब आंबेडकर उपस्थित थे। उसी वक्त मंडल साहब ने बाबा साहब की मुलाकात की थी। उस समय जोगेंद्रनाथ मंडल साहब जी ने पूरे बंगाल प्रांत में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन की शाखाएं बनायी थी। हर तरफ नीले झंडे लहरा रहे थे। उस वक्त 1945 में पूना में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन की कार्यकारिणी की सभा हुई। मंडल जी पूना जाने के लिए जब आगरा रेलवे स्टेशन पर रेल आई तो रात मे हजारों कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए उनके तथा बाबा साहब के नारे लगा रहे थे। उसमे बहुत सारे मुस्लिम कार्यकर्ता थे। पूना में भी उनका हजारो कार्यकर्ताओं ने जयभीम के नारों के साथ स्वागत किया। उन्होने डॉ. अम्बेडकर स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स का उद्घाटन किया। उसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ती आर. आर. भोले जी ने की थी।

कैबिनेट मिशन के कहने के मुताबिक अंग्रेजो ने भारतीय नेताओं को नया संविधान सभा बनाने को कहा। उस समय 292 सदस्य संविधान सभा में चुनना था। बाबा साहब अम्बेडकर को संविधान सभा में चुने जाने के लिए सरदार पटेल ने विरोध किया था। उस समय कम से कम 5 विधायकों को एक संविधान सदस्य चुनना था और बाबासाहब के राजनैतिक दल की 1946 के चुनाव मे हार हुई थी। उस समय जोगेंद्रनाथ मंडल जी ने दिल्ली में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर से मुलाकात की और उनको बंगाल मे चुनाव लड़ने के लिए आमंत्रित किया। उस समय जोगेंद्रनाथ मंडल जी ने बहुत बड़ा आंदोलन चलाया और उनको पंजाब तथा उत्तर भारत के कलकत्ता मे रहने वाले कार्यकर्ताओं ने बहुत सहकार्य किया। अनुसूचित जाति के विधायकों पर दबाव बनाया। और उस समय जोगेंद्रनाथ मंडल शेडयूल कास्ट फेडरेशन बोरीसाल, निर्दलीय विधायक नागेंद्रनाथ राय रंगपूर, काँग्रेस विधायक गयानाथ विश्वास तंजोल तथा नारायणचंद बर्मन, काँग्रेस विधायक द्वारकानाथ बरुरी फरिदपूर, काँग्रेस विधायक क्षेत्रीनाथ सिंदा रंगपूर, काँग्रेस विधायक बिरसा मुर्षिदाबाद इन्होंने डॉ. बाबा साहब आंबेडकर को मत दे दिया।

बंगाल के महिला कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब के चुनाव में सक्रिय सहभाग लिया था । सरदार पटेल ने कहा था कि बाबासाहब अम्बेडकर के लिए संविधान सभा के दरवाजे क्या रोशनदान तक बंद किए थे। बाद में बाबा साहब अम्बेडकर की बुद्धिमत्ता तथा उनकी ताकत को देखकर उन्हें संविधान सभा मसौदा समिति का अध्यक्ष बनाना पड़ा। उसके पहले नेहरू जी ऑस्ट्रेलिया का संविधान तज्ञ जेनिंग को संविधान बनाने के लिए बुलाने का सोचा था और ऐसा संदेशा उन्होंने उनकी बहन विजयालक्ष्मी पंडित के जरिए से दिया था जो उस समय यूनो की जनरल असेम्बली की अध्यक्ष थी। लेकिन जेनिंग ने कहा की, आपके भारत देश मे डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जैसा कानून पंडित है, उनको संविधान लिखने के लिए बुलाया। बाद मे बाबा साहब आंबेडकर जी को संविधान लिखने के लिए गांधी जी और नेहरुजी ने कहा। और बाद मे बाबासाहब ने अपने बीमार होने के बावजूद भारत का महान संविधान लिखा जो सबका है। इसीलिए उनको भारत के संविधान का मुख्य शिल्पकार पंडित नेहरुजी ने कहा था। कहा जाता है। 1946 में भारत का हंगामी मंत्रिमंडल बन गया। पंडित नेहरू प्रधानमंत्री बने, सरदार पटेल उपप्रधानमंत्री बन गए और मंडल जी 1946 मे कानूनमंत्री थे। और डॉ. बाबा साहब जी को बाद में 1947 में भारत का कानूनमंत्री बनाया गया। इसी समय में बैरिस्टर जिन्ना की वजह से 1947 मे पाकिस्तान बना। और बै.मोहम्मद अली जिना ने जोगेंद्रनाथ मंडल जी को पाकिस्तान के मंत्रिमंडल मे कानूनमंत्री बनाया।

दिल्ली मे आने के बाद जोगेंद्रनाथ मंडलजी का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया सभी तरफ नीले झंडे दिखाई देते थे और डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के जयभीम के नारे लग रहे थे। वे मुंबई मे डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर से मिलने के लिए गए । 1946 मे शेड्यूल कास्ट फेडरेशन का एक और अधिवेशन नागपुर मे हुआ। उसमे जोगेंद्रनाथ मंडलजी का भव्य स्वागत हुआ। उनका जनता के मन पर अधिराज्य था इसलिये उन्हे जनता ने श्महाप्राण श्यानी की ग्रेट लाईफ का खिताब दिया था। बाद मे 1946 मे कलकत्ता मे शेड्यूल कास्ट फेडरेशन का अधिवेशन हुआ। 1947 में आसाम में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन का अधिवेशन हुआ। उन्होंने पूरे बंगाल में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन की शाखाएं हर जिले मे बनायी। बाबा साहब अम्बेडकर जी को जोगेंद्रनाथ मंडल आदर्श मानते थे। वे बाबासाहब के अनुयायी थे।

1947 में भारत पाकिस्तान बना। उस भारत पाकिस्तान मे जातीय दंगा शुरू हुआ। बंगाल में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार हुए। 1950 में जोगेंद्रनाथ मंडलजी ने पाकिस्तान के मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया और वे भारत आ गए। डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर जी ने 14 अक्टूबर 1956 को लाखो लोगों के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार किया था। बाद में 6 दिसंबर 1956 को डा.बाबासाहब जी का महापरिनिर्वाण हुआ।

बौद्ध धर्मांतरित लोगों को शौक्षणिक व प्रशासनिक आरक्षण की सुविधायें मिलनी चाहिए इसलिए मंडल जी ने प्रधानमंत्री नेहरु जी को पत्र लिखा था। और डा. बाबा साहब की बनायी हुई रिपब्लीकन पार्टी की घोषणा 1957 को हुई। 1963 मे जोगेंद्रनाथ मंडल जी ने बंगाल मे रिपब्लिकन पार्टी की शाखाएं बनायी। 1964 मे रिपब्लिकन पार्टी का भूमिहीनों के लिये देशव्यापी सत्याग्रह हुआ था। उस संदर्भ मे मंडल जी ने प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी से बातचीत की थी। 1967 के सार्वाधिक चुनाव मे रिपब्लिकन पार्टी की ओर से चुनाव लड़े थे। उस समय हाथी चुनाव चिन्ह था 1952 मे ही डॉ.बाबा साहब आंबेडकर ने निर्वाचन आयोग को मांग कर लिया था। उनको रहने के लिये घर नहीं था वह कलकत्ता में बस गये थे। वह किराये के घर में रहते थे। बाद में उन्हे एक कार्यकर्ता ने रहने के लिये घर दिया था। उनके जीवनी के बारे में डॉ.संजय गजभिये और शीलभद्र बौद्ध जी इन्होने किताबें लिखी है। उस समय रिपब्लिकन पार्टी के लिए घूमते वक्त 5 अक्टूबर 1968 को उनका दुखद निधन हुआ। उनका आंबेडकरी आंदोलन के लिए बहुत बड़ा त्याग है। उनको याद करना हमारी जिम्मेदारी है उनके कार्य के लिए उन्हे आदरांजली।

+++

संवेदनाओं का बेजा सवाल

संवेदनाओं का सवाल केवल धार्मिक-सांप्रदायिक मुद्दों पर हीनिराशा जता रहे हैं : एन के सिंह

हर बात में हमारी संवेदना आहत होने लगी है। किसी ने सोशल मीडिया पर कुछ लिख दिया तो हम आहत संवेदना लिए लाठी लेकर खड़े हो जाते हैं, कोई चित्र बना देता है तो हम अपनी फटी-कटी संवेदना के साथ दंगा करने के भाव में आ जाते हैं। वंदेमातरम् गान पर भी संवेदना आहत होती है। हमारी संवेदनाओं के आहत होने की सीमा धार्मिक-सांप्रदायिक मुद्दों तक ही है। ये संवेदनाएं तब आहत नहीं होती जब गरीबी के कारण हम अपने बच्चे को स्कूल न भेजकर मात्र प्रारंभिक धार्मिक तालीम देकर उसे साइकिल का पंचर जोड़ने वाला बना देते हैं या उसका बचपन छीन कर टोकरी बुनने अथवा चंद पैसों के लिए किसी सेठ-सेठानी के पांव दबाने, ढाबे में बर्तन धोने में लगा देते हैं। सरकारी अस्पताल में डाक्टर के न उपस्थित रहने या दवा न मिलने के कारण जब बच्चा मर जाता है तो भी हमारी संवेदनाएं आहत नहीं होतीं। गांव में स्कूल न होने, राशन विभाग में भ्रष्टाचार होने पर भी हमारी संवेदनाएं अक्षुण्ण रहती हैं। हमारी संवेदनाएं तभी सलामत रहती हैं जब हम सड़कों पर भीख मांगते, नशा करते या अपराधी बनते बच्चों को देखते हैं। जब एक बाबा दुष्कर्म के आरोप में जेल चला जाता है तो हम दूसरे बाबा के यहां खड़े हो जाते हैं। संवेदनाएं तब भी तर्क का साथ नही देती।

क्यों पूरा समाज हमारी संवेदना के आहत होने के भाव का खामियाजा भुगते और युवा पौध के बड़े वर्ग को अज्ञानता के अंधकार में रखते हुए मात्र साइकिल का पंचर जोड़ने वाला बना रहने दे। कोई अपने बच्चे को वेदपाठी बनाकर समझता है कि सनातन धर्म का भला कर रहा है तो कोई मात्र कुरान शरीफ की कुछ आयतें रटा कर इस्लाम को मजबूत करने का दंभ भरता है। क्या आज जरूरी नहीं है कि धर्म के नाम पर चल रही दुकानें बंद कराकर समाज को एक नई आधुनिक सोच वाला बनाया जाए जहां गरीबी न हो, अशिक्षा जनित धमर्ंधता न हो और जहां आंदोलन हो तो धर्म या जाति के आधार पर नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ। अब एक और पहलू देखें। पश्चिमी समाज से आयातित महिला विमुक्तिकरण की अवधारणा के तहत हम इस बात के लिए तो यह कहते हुए सड़कों पर आ जाते हैं कि नारी कम कपड़े पहने तो परंपरावादी वर्ग के पेट में दर्द क्यों, लेकिन वही

एनके सिंह, वरिष्ठ पत्रकार

> क्या आज जरुरी नही कि धर्म के नाम पर चल रही दुकानें बंद कराकर समाज को नई सोच वाला बनाया जाए

नारी परिवारों में समान अधिकार के तहत स्कूल जाए और जन्म से पहले भ्रूण के रूप में न मारी जाए, इसके लिए आधुनिकतावादी कोई आंदोलन नहीं करते।

कोई पांच साल पहले बिहार के छपरा जिले के एक गांव के दलितों ने अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से इंकार करते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को भगा दिया। उनकी मांग थी कि पहले बाजार जाने वाली सड़क बनवाओ। छपरा उन दिनों विश्व पोलियो अभियान की सुर्ख़ियों में था, क्योंकि उस जिले में पोलियो देश में सर्वाधिक था।

संविधान में अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए व शिक्षा और संस्कृति बनाए रखने के लिए सामूहिक अधिकार के रूप में और साथ ही अल्पसंख्यक समूहों के अधिकार के रूप में तीन अनुच्छेद दिए गए हैं। अनुच्छेद 28(1) के अनुसार पूर्णतः सरकारी फंड से संचालित शिक्षण संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाएगी, लेकिन अनुच्छेद 28(2) कहता है कि ऊपर का अनुच्छेद 28(1) नहीं लागू होगा यदि वह संस्था किसी ऐसे ट्रस्ट या एंडोवमेंट के तहत जो धार्मिक शिक्षा देने की मंशा से है, स्थापित की गई है, भले ही वह संस्था राज्य द्वारा प्रशासित हो। वहीं अनुच्छेद 28;1द्ध बताता है कि ऐसी किसी भी शिक्षण संस्था के, जो राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त हो या जो राज्य के फंड से चल रही हो, किसी धार्मिक निर्देश में शामिल होना या किसी भी धार्मिक पूजा में उपस्थित होने की अनिवार्यता ऐसे व्यक्ति को नहीं है जो उस संस्था में उपस्थित होता है, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर वह व्यक्ति अवयस्क है तो उसके अभिभावक की अनुमति जरुरी होगी। मतलब यह कि बच्चा आधुनिक शिक्षा ले या मदरसा में धार्मिक शिक्षा ले, यह अभिभावक पर निर्भर है। अगर वह अभिभावक बच्चे को साइकिल का पंचर लगाने के लिए छोड़ दे, उसे सड़कों पर भीख मांगने के लिए छोड़ दे और उसे भविष्य का अपराधी बनाने की स्थितियां पैदा करे तो समाज या संविधान कुछ भी नहीं कर सकता। अगर कोई कानून बनाया जाता है तो उसे धार्मिक भावनाओं से छेड़छाड़ मानकर बवेला मचाया जा सकता है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने ऐलान किया कि लड़कियां स्कूल नहीं जाएंगी। दूसरा फरमान था पुरुष डाक्टर महिलाओं के शरीर को नहीं छू सकता। अब चूंकि लड़कियां पढ़ेंगी नहीं, पुरुष डक्टर महिला शरीर को हाथ नहीं लगाएगा लिहाजा पूरा फाटा क्षेत्र व उत्तरी और पश्चिमी वजीरिस्तान में महिलाएं आधुनिक इलाज और सर्जरी के अभाव में मरती रहेंगी। यह सब तालिबान धर्म के अलम्बरदार के रूप में कर रहा है। उधर पश्चिमी उदारवाद से प्रभावित होकर पिछले साल भारत में एक कानून पास किया गया जिसके तहत कोई बच्चा अपने मां-बाप के खिलाफ मुकदमा कर सकता है कि वह प्रताड़ित किया जा रहा है। यानी अगर मां-बाप बच्चे को पढ़ने के लिए एक चांटा मार देते हैं तो उन्हें जेल हो सकती है। विरोधाभास देखिए कि एक अभिभावक पोलियो ड्राप न पिलाकर बच्चे की जिंदगी पंगु कर सकता है और एक अन्य उसको तथाकथित धार्मिक शिक्षा देकर आधुनिक, रोजगारपरक एवं तार्किक-वैज्ञानिक शिक्षा से वंचित कर सकता है वहीं दूसरा अपने बच्चे को डांट भी नहीं सकता। राष्ट्र के चरित्र में एक अजीब विरोधाभास दिखाई देता है। ताजिया किधर से निकले या रामलीला कहां हो, इस बात पर दंगा, धर्म कैसे बदला इस बात पर दंगा, लेकिन एक भी आंदोलन इस बात पर नहीं कि गरीब बस्तियों में पानी क्यों नहीं, उनके बच्चों को भी वही शिक्षा क्यों नहीं, टीकाकरण से लेकर इलाज के लिए अस्पताल अल्पसंख्यक इलाकों में कम क्यों। क्यों अल्पसंख्यक और दलित ही आज भी गरीब हैं और क्यों कानून लाकर उनके बच्चों को स्कूल भेजना अनिवार्य नहीं किया जा रहा है?

साभार - दैनिक जागरण

+++

उ0प्र0 परिसंघ की इकाई भंग

गत् कई वर्षों से अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की उ0प्र0 इकाई में शिथिलता आ चुकी थी। कुछ जिला इकाइयां पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुकी थीं। गत् कई रैलियों में न के बराबर सहयोग मिल रहा है, जबकि तमाम संकट से समाज गुजर रहा है।

4 जनवरी, 2011 को लखनऊ हाई कोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण के खिलाफ निर्णय दिया और यह ऐसा अवसर था कि एक आंदोलन खड़ा किया जा सकता था। इस अवसर का फायदा दूसरों ने उठाया लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। समय, संसाधन का दुरुपयोग कुछ लोग रैलियों एवं सभाओं के माध्यम से किए परन्तु परिणाम शून्य रहा। एक तरह से देखा जाए तो इन्होंने उतना ही नुकसान किया है, जितना हाई कोर्ट ने। इन्होंने लोगों को गुमराह किया, जिससे परिसंघ की शक्ति छीड़ हुई है। यदि परिसंघ की शक्ति छीड़ न होती तो पदोन्नति में आरक्षण की लड़ाई परिणाम तक ले जाती। अब उन गुमराहों को भी पुनर्गठन में जिम्मेदारी दी जाएगी। पुनर्गठन के लिए निम्नलिखित लोगों से सम्पर्क कर सकते हैं -

इनके अतिरिक्त और

जगजीवन - 9415007459
धर्म सिंह - 9415585545
केदार नाथ - 9568677815

लोग भी पुनर्गठन में सहभागिता ले सकते हैं। इच्छुक लोग सम्पर्क करके अपना भी नाम अगले अंक में छपवा सकते हैं। विभिन्न प्रदेशों के इंजार्च जो दिल्ली में नियुक्त किए गए हैं, उनका भी नाम व नम्बर दिए जा रहे हैं। अतः परिसंघ के कार्यकर्त्ता व नेता उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। +++

विभिन्न प्रदेशों के प्रभारी

नाम व मोबाइन नंम्बर	प्रदेश
नाहर सिंह - 9312255381	आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटका, केरल, तमिलनाडु
रविन्दर सिंह -7503051123	उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल
धनंजय सिंह -	दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र
योगेश आनंद - 9654144068 व आर0 एस हंस - 9811800137	मध्य प्रदेश, छतीसगढ़
बलबीर सिंह - 9999051041	गुजरात, राजस्थान, जम्मू काश्मीर
भानू पुनिया - 9013332151	पंजाब, हरियाणा, हिमांचल प्रदेश

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या 0636000102165381 जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशि:

पांच वर्ष : 600 रुपए
एक वर्ष : 150 रुपए

डॉ0 उदित राज जी के जीवन की एक घटना

सी. एल. मौर्य

माननीय उदितराज का जन्म जनपद इलाहाबाद के गांव राम नगर में हुआ था। इनके पिताजी फौज में थे और माता घरेलू कामकाजी। पिताजी सेवानिवृत्ति के पहले ही नौकरी से इस्तीफा देकर व्यवसाय एवं खेती का काम करने लगे। खेत ज्यादा न होने के कारण व्यवसाय करना जरूरी था। माननीय उदित राज बचपन से ही बड़े न्यायप्रिय स्वभाव के थे और न्याय के लिए मां-बाप से भी तर्क और बहस करने से नहीं चूकते थे। उनके बाल्यकाल को असाधारण रूप से लोग देखते थे, क्योंकि ये मनुवादियों के उन बच्चों से झगड़ा करते थे, जो अन्य गरीब और दलित बच्चों को सताया करते थे। इस बात के लिए इनसे घर वाले भी बड़े नाराज हुआ करते थे कि बिना वजह दूसरे लड़कों से क्यों मार-पीट करते थे ?उस अतीत को समझने के लिए वर्तमान का सहारा लिया जा सकता है। आज वे इतनी बड़ी नौकरी को लात मारकर न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो निश्चित तौर से यही प्रवृत्ति चेतन या अचेतन अवस्था में बचपन में कार्य कर रही थी। कक्षा दस के बाद विवेक का विकास होने पर भूत-पिचास, कर्मकाण्ड एवं देवी-देवताओं की पूजा के बहुत ही विरूद्ध हुआ करते थे और इस बात के लिए लोग इनके मां-बाप को भी सुनाते थे कि आपका बच्चा किस प्रवृत्ति का है। उदित राज जी के भी घर में अंधविश्वासी लोगों और तांत्रिकों का डेरा जमा हुआ करता था और उनके विरूद्ध नित बगावत करके उस जमावड़े का ये सफाया कर दिया करते थे। ब्राह्मण कथा कराने आता था, उसको भी इन्होंने कुछ परोक्ष या प्रत्यक्ष व्यवहारों से आना बंद कर दिया।

बचपन में जो काम ये कर जाते थे, वह बड़ा ही असाधारण हुआ करता था। अपने भाई कालीचरण के साथ मिलकर एक बार तीन कमरों का मिट्टी का मकान ही बना डाला। पिताजी की सेहत ठीक न होने के कारण खेती के काम में पूरी शिरकत किया करते थे। ध्यान देने वाली बात यह है कि हाईस्कूल करने के पहले घर की तमाम जिम्मेदारियों में हाथ बंटाने लगे थे। वैसे बचपन से ही बड़ों से तर्क और बहस में हिस्सा लेना जैसे विशेष रूचि रही है। सामान्यतया बच्चों को भारतीय समाज में बड़ों से तर्क और बहस करना अच्छा नहीं माना जाता है, क्योंकि इसे बड़ों का अपमान समझा जाता है। इसको माननीय उदित राज ने कभी नहीं स्वीकारा।

